सुविचार

हमें पता होना चाहिए कि भाग्य भी कमाया जाता है थोपा नहीं जा सकता। और ऐसी कोई कृपा नहीं है जो कमाई ना जा सके।

दैनिक

# पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ




वर्ष : 1 | अंक : 50 | पंचकूला। शुक्रवार, 27 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## 145 करोड़ गबन : ईओ और चंडीगढ़ के कारोबारी के नामों का खुलासा

■ विधायक बोले- बिना राजनीतिक संरक्षण के नगर निगम घोटाला संभव नहीं

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पंचकूला।** नगर निगम पंचकूला में 145 करोड़ रूपए के घोटाले का असर अब प्रदेश के राजनीतिक गलियारे तक पहुंच चुका है। हरियाणा की भाजपा सरकार पर पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पंचकूला के विधायक चंद्रमोहन ने गुरूवार को यह कहते हुए निशाना साधा कि इतना बड़ा घोटाला बिना राजनीतिक संरक्षण के होना संभव नहीं है। सरकार यदि मामले की गहराई के साथ जांच कराए तो इसमें बैंक के अधिकारियों के साथ नगर निगम के अधिकारियों की सांठ-गांठ और नेताओं से गठजोड़ का खुलासा हो सकता है, क्योंकि भाजपा सरकार में हुए एक बाद एक यह दूसरा घोटाला सामने आया है। उन्होंने दावा किया कि बैंक अधिकारियों के अलावा नगर निगम के अधिकारी और राजनीति से जुड़े कुछ लोग इसमें शामिल हैं, जिनके खिलाफ सरकार को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। चंद्रमोहन ने सरकार को दोषी व्यक्तियों के खिलाफ 1 अप्रैल तक ठोस कार्रवाई करने का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि कांग्रेस इस घोटाले के विरोध में ना सिर्फ नगर निगम का घराव करेगी, बल्कि कांग्रेस पार्टी रणनीति के तहत पूरे प्रदेश में हो रहे घोटालों के खिलाफ एक व्यापाक आंदोलन भी शुरू करेगी।

हरियाणा स्टेट विजिलेंस और एंटी करप्शन ब्यूरो की तरफ से घोटाले से जुड़े अन्य लोगों का रिकार्ड खंगालते हुए सुबह से शाम तक चंडीगढ़ समेत कई ठिकानों पर दबिश दी। देरात गिरफ्तार किए गए सेक्टर 11 कोटक महेंद्रा बैंक के मैनेजर कुलदीप सिंह राघव के खुलासे के बाद विजिलेंस उस कारोबारी की पड़ताल कर रही है, जिसके खाते में पंचकूला के एक प्राइवेट व्यक्ति के जरिए भारी रकम ट्रांसफर की गई थी। इसमें कुलदीप ने भी उनकी मदद की थी। टीम ने बाद दोपहर मैनेजर को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए 4 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया। बैंक मैनेजर ने अभी तक की पूछताछ में कालका नगर परिषद के ईओ विकास कौशिक और कारोबारी के नामों का खुलासा किया। जांच में सामने आया कि विकास कौशिक ने ही पंचकूला नगर निगम में 2019 में रहते हुए कोटक महेंद्रा बैंक में एफडी खोलने के लिए जाल बुना था। विजिलेंस के मुताबिक विकास कौशिक की गिरफ्तारी से घोटाले के बारे में काफी हद तक जानकारियां मिल चुकी हैं, जिनके जरिए विजिलेंस घोटाले की रकम को ट्रेस करने के लिए कई फर्जी खातों के बारे में पूछताछ कर रही है। नगर निगम की संयुक्त आयुक्त, आयुक्त और अकाउंट अफसर की जांच कमेटी ने घोटाले से जुड़ी रकम की जांच करने के लिए एफडी के लिए जमा किए गए धन के बारे में निगम को मिलने वाली राशियों की एंट्रियों का मिलान करना शुरू कर दिया गया है, ताकि फ्रॉड की राशि के बारे में सटीक जानकारियां पुख्ता हो सकें। बताया जा रहा है कि बैंक कर्मियों ने फ्रॉड करते समय शातिर दिमाग का प्रयाग किया है। बैंक के रिन्यूअल पेपर भेज कर निगम अधिकारियों को कभी घोटाले का पता नहीं लगने दिया गया। कोटक महेंद्रा बैंक में फर्जी एंट्रियां कब और किसने की, उस अकाउंटेंट के बारे में भी पता लगाने के लिए विजिलेंस ने बैंक से रिकॉर्ड कब्जे में लिया है। वहीं, पिछले 7 वर्षों के दौरान कितने कर्मचारी और अधिकारी बैंक में आए और गए, उनके बारे में भी पता किया जा रहा है। कोटक महेंद्रा बैंक के अलावा नगर निगम के अधिकारियों को भी जांच में शामिल कर पूछताछ की जाएगी।

## हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने किए माता मनसा देवी के दर्शन



**पंचकूला.** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर आज पंचकूला स्थित ऐतिहासिक माता मनसा देवी मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और महामाई का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

मंदिर पहुंचने पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती निशा यादव ने परंपरागत तरीके से मंत्री श्री श्याम सिंह राणा का स्वागत किया। मुख्य मंदिर में दर्शन करने के उपरांत कैबिनेट मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ में भाग लिया।

## एक नजर

### पैकिंग बॉक्स समेत गोल्ड सेट चोरी करने के मामले में दो आरोपियों पर मामला दर्ज

**चंडीगढ़.** यूटी साउथ वेस्ट डिविजन की थाना 36 पुलिस ने पैकिंग बॉक्स समेत गोल्ड सेट चोरी करने के मामले में एक व्यक्ति और महिला पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 35 स्थित सुंदर ज्वैलर्स के मैनेजर संदीप कश्यप ने ने पुलिस को बताया कि 20 मार्च दोपहर करीब साढ़े 12 बजे दो अज्ञात लोग कस्टमर बनकर शॉप पर आए। साथ आई महिला ने शॉप कर्मी को गोल्ड सेट दिखाने के लिए बोला। जैसे हीं कर्मी ने गोल्ड सेट दिखाया ।तो महिला ने कर्मी को बातों में लगाकर पैकिंग बॉक्स समेत गोल्ड सेट को गायब कर दिया ।और शॉप से दोनों एक बजे के करीब निकल गए ।जब शॉप कर्मियों ने रूटीन के दौरान पता चला कि शॉप में रखा एक गोल्ड सेट गायब है ।जब शॉप पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो पता चला कि एक गोल्ड सेट पैकिंग बॉक्स समेत अज्ञात दो लोग जिसमें एक व्यक्ति और एक महिला आई थी। जिसकी शिकायत थाना 36 पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चंडीगढ़ व्यापार के लिए आदर्श गंतव्य, ब्रिक्स देशों के साथ बढ़ेंगे नए अवसर : मौदगिल

**चंडीगढ़.** चंडीगढ़ में ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, चंडीगढ़ द्वारा ब्रिक्स देशों में शामिल दक्षिण अफ्रीका के साथ व्यापारिक अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लेकर भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच व्यापार एवं निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री चंडीगढ़ के अध्यक्ष दीपक शुक्ला और चंडीगढ़ हेड अजय कुमार बांगर ने बताया कि इस अवसर पर ब्रिक्स विमेंस बिज़नेस अलायंस (साउथ अफ्रीका) की नेशनल चेयरपर्सन सुश्री लेबोगैंग ज़ुलु ने रूस, मिस्र, इथियोपिया सहित विस्तारित ब्रिक्स देशों के साथ व्यापारिक सहयोग को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने दोनों देशों के बीच निवेश, व्यापारिक संबंधों और सहयोग के नए अवसरों पर विशेष जोर दिया। इस कार्यक्रम में चंडीगढ़ के पूर्व महापौर एवं प्रशासक सलाहकार समिति के सदस्य देवेश मौदगिल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका से आए प्रतिनिधिमंडल, विशिष्ट अतिथियों और उद्योग जगत के अग्रणी नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के उद्यमियों का यह संगम व्यापार और निवेश के नए आयाम स्थापित करेगा। देवेश मौदगिल ने कहा कि चंडीगढ़ योजनाबद्ध विकास, प्रगति और अवसरों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण, आधुनिक बुनियादी ढांचे और उच्च जीवन स्तर के कारण चंडीगढ़ देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। प्रशासन ने पारदर्शिता और समर्पण के साथ ऐसा व्यावसायिक माहौल तैयार किया है, जहां नवाचार और विकास को निरंतर प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में शहर संगठित और प्रगतिशील दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रशासन द्वारा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, प्रभावी शासन और सतत विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे चंडीगढ़ निवेश और साझेदारी के लिए एक आदर्श केंद्र बनता जा रहा है।

### एयर इंडिया की दिल्ली फ्लाइट तकनीकी खराबी के चलते बीच रास्ते से वापस लौटी

**नई दिलली.** एयर इंडिया की दिल्ली से लंदन हीथ्रो जाने वाली एक फ्लाइट को गुरुवार दोपहर बीच रास्ते से वापस दिल्ली लौटना पड़ा। उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी का शक होने पर यह फैसला लिया गया। यह फ्लाइट एआई111 सुबह करीब 6 बजे दिल्ली से रवाना हुई थी और लगभग 7 घंटे तक हवा में रहने के बाद वापस लौटी। यह विमान दोपहर करीब 12ः30 बजे सुरक्षित दिल्ली एयरपोर्ट पर उतर गया। एयर इंडिया के प्रवक्ता के मुताबिक, यात्रा के दौरान तकनीकी समस्या का संदेह होने पर एहतियात के तौर पर विमान को वापस बुलाया गया। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है, इसलिए यह निर्णय लिया गया। एयरलाइन ने बताया कि विमान पूरी तरह सुरक्षित तरीके से उतरा और सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया गया। फिलहाल विमान की विस्तृत तकनीकी जांच की जा रही है, जिसमें कुछ समय लग सकता है। इसके बाद ही आगे की उड़ान को लेकर फैसला लिया जाएगा।

### आयोग की बड़ी कार्रवाई, चुनावों से पहले 408 करोड़ रुपए की अवैध सामग्री जब्त

**नई दिल्ली.** अप्रैल से शुरू हो रहे विधानसभा और उपचुनावों को लेकर चुनाव आयोग ने सख्ती तेज कर दी है। आयोग की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 400 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध सामग्री जब्त की जा चुकी है। 15 मार्च को चुनाव आयोग ने असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों के साथ-साथ 6 राज्यों में उपचुनावों की तारीखों का ऐलान किया था। इसके साथ ही सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट (एमसीसी) का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए थे। 24 मार्च को आयोग ने चुनावी राज्यों और उनके 12 पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिवों, डीजीपी, मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी।

## धरना स्थल से प्रदर्शनकारियों के शातिर चोर ने उड़ाए साढ़े 3 लाख के 4 मोबाइल फोन



**पंचकूला।** सेक्टर 5 में धरना दे रहे प्रदर्शनकारियों के टेंट में सेंध लगा कर शातिर चोर ने करीब साढ़े 3 लाख रुपए के कीमती मोबाइल फोन चोरी कर लिए। सेक्टर 5 थाना पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद आरोपी की तलाश में छापेमारी कर आरोपी को धर दबोचा। क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और चोरी हुए महंगे मोबाइल फोन में से तीन को बरामद किए।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के अनुसार, 15 मार्च 2026 को विकास सिंह निवासी गोहाना, सोनीपत ने थाना सेक्टर-5 पंचकूला में शिकायत दर्ज करवाई थी कि सेक्टर-5 स्थित धरना स्थल पर उनके तंबू से देर रात करीब 1.40 बजे चार मोबाइल फोन चोरी हो गए हैं। चोरी हुए मोबाइल फोन में एप्पल आईफोन 17 प्रो मैक्स, एप्पल आईफोन 15 प्रो मैक्स, वन प्लस और रियलमी कंपनी के मोबाइल शामिल थे। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।0क्राइम ब्रांच सेक्टर 19 इंचार्ज मुकेश सैनी की अगुवाई में टीम ने 24 मार्च को मुख्य आरोपी विशाल उर्फ बलेडा निवासी मौली कॉम्प्लेक्स, चंडीगढ़ को काबू किया। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह~ आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ की गई। आरोपी की निशानदेही पर 25 मार्च को चोरी किए गए चार मोबाइल फोन में से तीन मोबाइल फोन जिसमें एप्पल आईफोन 17 प्रो मैक्स, एप्पल आईफोन 15 प्रो मैक्स और वन प्लस बरामद किए गए। जिनकी अनुमानित कीमत करीब 3 लाख 60 हजार है। बरामद किए गए मोबाइल जल्द ही असल धारकों को कानूनी प्रक्रिया के तहत वापस कर दिए जाएंगे।

जांच के दौरान इस मामले में एक अन्य आरोपी की संलिप्तता भी सामने आई है, जिसकी तलाश जारी है। हमारी टीम द्वारा संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है, दूसरे आरोपी को भी जल्द ही काबू कर लिया जाएगा। फिलहाल गिरफ्तार आरोपी विशाल उर्फ बलेडा को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पंचकूला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 1,000 छात्राओं को दी साइकिल, लड़कियों की निर्बाध शिक्षा पर जोर

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली.** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को पीतमपुरा में कन्या पूजन किया और नौ स्कूलों की लगभग 1,000 छात्राओं को साइकिल वितरित की। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में लड़कियों की निर्बाध शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य उन बाधाओं को दूर करना है जो अक्सर लड़कियों को अपनी पढ़ाई जारी रखने से रोकती हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की हर बेटी बिना किसी रुकावट के अपनी शिक्षा पूरी कर सकती है, स्कूल की पढ़ाई पूरी कर सकती है, ग्रेजुएट हो सकती है और जो चाहे बन सकती है। सरकार उसके रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने के लिए काम करेगी। छात्राओं के सामने आने वाली आवागमन संबंधी चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि कई छात्राओं को स्कूल आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विद्या वाहिनी पहल के माध्यम से हम कक्षा 9 में प्रवेश करने वाली छात्राओं को साइकिलें उपलब्ध कराएंगे ताकि वे अपने स्कूली जीवन में सुगमता से आवागमन कर सकें ।मुख्यमंत्री ने छात्राओं को दिव्य शक्ति का प्रतीक बताते हुए उनकी तुलना दुर्गा और सरस्वती के रूपों से की और उनके भविष्य के योगदान पर विश्वास व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि वे भविष्य में इस शहर और हमारे राष्ट्र का गौरव बढ़ाएंगी। सरकार की ओर से मैं अपनी प्रत्येक बेटी की सराहना करती हूं और उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। ईश्वर करे कि वे तरक्की करें और अपनी आकांक्षाओं को साकार करें। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि उन्हें अपनी शिक्षा पूरी करने के लिए सभी आवश्यक सहायता और संसाधन उपलब्ध हों।

इससे पहले दिन में, मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन के अवसर पर सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा किया, जिसमें उन्होंने बेटियों को शक्ति और दिव्य आशीर्वाद का प्रतीक बताया।

अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा कि बेटियां सौभाग्य की प्रतीक, शक्ति की साक्षात मूर्ति और मां के पवित्र आशीर्वाद का सार होती हैं। आज कन्या पूजन के इस पवित्र अवसर पर, बेटियों की आराधना ने मेरे हृदय को गहन भावों से भर दिया। दुर्गा अष्टमी हमें सिखाती है कि प्रत्येक पुत्री आदिम दिव्य ऊर्जा का प्रकाशमान रूप है। उनका स्नेह और आदर जीवन को पवित्रता और शुभता से भर देते हैं।

पोस्ट में आगे लिखा था कि देवी अपनी कृपा सब पर बरसाती रहें, सुख और समृद्धि का प्रकाश हर घर में फैले और बेटियों का प्रेम सदा हमारे जीवन को प्रकाशित करता रहे। मां के चरणों में लाखों प्रणाम।

## इजराइल बोला- होर्मुज बंद करने वाले ईरानी कमांडर को मारा, ईरान की बाब-अल-मंदेब पर हमले की धमकी

**तेहरान।** इजराइल ने ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना चीफ अलिरेजा तंगसीरी को मारने का दावा किया है। इजराइल के रक्षा मंत्री काट्ज ने कहा कि ईरान के बंदर अब्बास इलाके में हुई एयरस्ट्राइक में तंगसीरी मारे गए।

इजराइली अधिकारियों के मुताबिक, तंगसीरी वही कमांडर थे जिन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की प्लानिंग की थी। हालांकि ईरान ने अभी तक तंगसीरी के मौत की पुष्टि नहीं की है। इसी बीच खबरें हैं कि अमेरिका, ईरान के खार्ग द्वीप पर जमीनी हमला (ग्राउंड इनवेजन) कर सकता है। इसके जवाब में ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को बंद करने की चेतावनी दी है। बाब-अल-मंदेब रेड सी का एंट्री प्वाइंट है। यह रेड सी को अरब सागर से जोड़ता है। स्वेज नहर तक जाने वाले जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं। दुनिया के करीब 12 प्रतिशत तेल की सप्लाई यहीं से गुजरती है। यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शिपिंग रूट है। बाब-अल-मंदेब अफ्रीकी देश जिबूती में मौजूद अमेरिकी मिलिट्री बेस इस स्ट्रेट से सिर्फ 30 किमी दूर है। अगर बाब-अल-मंदेब में भी रुकावट आती है, तो मिडिल ईस्ट में चल रहा संघर्ष और बढ़ सकता है। ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया है कि ईरान युद्ध खत्म करने के लिए समझौते की भीख मांग रहा है। दरअसल, ट्रम्प सरकार की ओर से ईरान को 15 पॉइंट वाला सीजफायर प्रस्ताव भेजे जाने की खबर है। यह इस हफ्ते पाकिस्तान के जरिए तेहरान तक पहुंचाई गई।

## भारत के पास 60 दिनों का कच्चे तेल का भंडार, एलपीजी की महीने की पूरी व्यवस्था

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली.** सरकार ने एक बार फिर से स्पष्ट किया है कि भारत में पेट्रोलियम और एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे जानबूझकर अफवाह और गलत जानकारी फैलाने वाले अभियान से गुमराह न हों, जिनका उद्देश्य बेवजह डर पैदा करना है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि भारत के पास कुल 74 दिनों की भंडारण क्षमता है और फिलहाल करीब 60 दिनों का स्टॉक उपलब्ध है। इसमें कच्चा तेल, पेट्रोल-डीजल जैसे उत्पाद और रणनीतिक भंडारण शामिल हैं, जबकि %हम मध्य पूर्व संकट के 27 वें दिन में हैं%। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि देश के सभी खुदरा ईंधन आउटलेट्स के पास पर्याप्त मात्रा में ईंधन मौजूद है। सरकार ने एक बयान में कहा कि देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। हर नागरिक के लिए लगभग दो महीने तक की सप्लाई सुनिश्चित है, चाहे वैश्विक हालात कैसे भी हों। इसके अलावा, अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की खरीद भी पहले से तय कर ली गई है। सरकार ने कहा कि भारत आने वाले कई महीनों तक पूरी तरह सुरक्षित है और भंडार कम होने जैसी बातें पूरी तरह गलत हैं।

दुनिया के कई देशों में जहां ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं, राशनिंग लागू की जा रही है और पेट्रोल पंप बंद हो रहे हैं, वहीं भारत में ऐसी कोई स्थिति नहीं है। सरकार ने कहा कि कुछ जगहों पर घबराहट में खरीदारी सोशल मीडिया पर फैलाई गई अफवाहों के कारण हुई है। सरकार ने यह भी बताया कि तेल कंपनियों ने पेट्रोल पंपों को मिलने वाला क्रेडिट बढ़ाकर 3 दिन कर दिया है, ताकि किसी भी पंप पर कामकाजी पूंजी की कमी के कारण ईंधन की कमी न हो। होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के बावजूद भारत अब 41 से ज्यादा देशों से कच्चा तेल मंगा रहा है और पहले से ज्यादा सप्लाई मिल रही है। देश की सभी रिफाइनरी 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं और अगले 60 दिनों की सप्लाई पहले से तय है। एलपीजी को लेकर भी सरकार ने कहा कि कोई कमी नहीं है। घरेलू उत्पादन 40 प्रतिशत बढ़ाकर रोजाना 50 टीएमटी कर दिया गया है, जबकि कुल जरूरत लगभग 80 टीएमटी है। यानी अब आयात की जरूरत कम होकर सिर्फ 30 टीएमटी रह गई है। इसके अलावा, अमेरिका, रूस और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों से 800 टीएमटी एलपीजी पहले ही भारत के लिए भेजा जा चुका है, जो देश के 22 आयात टर्मिनलों पर पहुंचेगा। सरकार के अनुसार, कम से कम एक महीने की एलपीजी सप्लाई पूरी तरह सुनिश्चित है और आगे भी लगातार व्यवस्था की जा रही है।

तेल कंपनियां रोजाना 50 लाख से ज्यादा सिलेंडर की डिलीवरी कर रही हैं।

पिछले साल की भगदड़ के चलते बीसीसीआई का फैसला

## आईपीएल की ओपनिंग सेरेमनी नहीं, फाइनल में होगी ग्रैंड क्लोजिंग सेरेमनी

पंचकूला ऑब्जर्वर



**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईपीएल 2026 के भव्य आगाज को लेकर एक बड़ा और संवेदनशील फैसला लिया है। पिछले साल बेंगलुरु में आरसीबी की पहली खिताबी जीत के जश्न के दौरान हुई भगदड़ की दुखद घटना के कारण इस साल ओपनिंग सेरेमनी आयोजित नहीं की जाएगी। इस दुर्घटना ने 11 लोगों की जान चली गई थी। जिसके कारण आरसीबी को फैंस के गुस्से का भी सामना करना पड़ा था।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने टाइम्स ऑफ इंडिया से विशेष बातचीत में पुष्टि की है कि 4 जून, 2025 को बेंगलुरु में हुई उस त्रासदी में अपनी जान गंवाने वाले 11 पीड़ितों की याद में यह फैसला लिया गया है। 28 मार्च को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होने वाले शुरुआती मैच से पहले कोई सांस्कृतिक या मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा। बीसीसीआई इसे उन दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजली के रूप में देख रहा है। भले ही टूर्नामेंट की शुरुआत सादगी से होगी, लेकिन बीसीसीआई आईपीएल के 19वें सीजन के समापन को यादगार बनाने की तैयारी कर रहा है। देवजीत सैकिया ने बताया कि 31 मई को फाइनल मैच के दिन एक भव्य क्लोजिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। पिछले साल कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शाहरुख खान, श्रेया घोषाल और करण औजला जैसे सितारों ने अपनी प्रस्तुति दी थी, वैसी ही कुछ चमक इस साल के अंत में देखने को मिल सकती है। यह पहली बार नहीं है जब बीसीसीआई ने किसी त्रासदी के कारण जश्न रद्द किया हो। इससे पहले 2019 में पुलवामा हमले के बाद भी आईपीएल 12 की ओपनिंग सेरेमनी को रद्द कर दिया गया था। उस समय समारोह के लिए आवंटित धन को शहीद सीआरपीएफ जवानों के परिवारों को दान कर दिया गया था। बीसीसीआई ने जल्द ही आईपीएल के बाकी मैचों के शेड्यूल की घोषणा करने की बात भी कही है।

## आकाश मिसाइल सिस्टम का पहला प्रोडक्शन मॉडल तैयार

**हैदराबाद.** भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने रक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। बीडीएल ने उन्नत उप-प्रणालियों के साथ उन्नत आकाश हथियार प्रणाली के प्रथम उत्पादन मॉडल (एफओपीएम) को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इससे भारतीय सशस्त्र बलों के प्रदर्शन में वृद्धि हुई है और युद्ध क्षमता को मजबूती मिली है। इस मॉडल ने विभिन्न हवाई खतरों के विरुद्ध उच्च सटीकता का प्रदर्शन किया और इसकी डिलीवरी शीघ्र ही शुरू हो जाएगी। यह सशस्त्र बलों के लिए जटिल प्रणालियों को वितरित करने में बीडीएल की क्षमता को भी दर्शाता है। आकाश एक कम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। हवाई हमलों से संवेदनशील क्षेत्रों और बिंदुओं की रक्षा करने में सक्षम है। आकाश हथियार प्रणाली ग्रुप मोड या ऑटोनॉमस में एक साथ कई लक्ष्यों को साध सकता है। इसमें बिल्ट-इन इलेक्ट्रॉनिक काउंटर-काउंटर मेजर्स (ईसीसीएम) विशेषताएं हैं। हेलीकॉप्टर, लड़ाकू विमान, यूएवी आदि को निशाना बनाने में सक्षम है। संपूर्ण हथियार प्रणाली को मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म पर कॉन्फ़िगर किया गया है।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत 4 लाख का जीवनरक्षक ऑपरेशन हुआ कैशलेस

## भगवंत मान सरकार के स्वास्थ्य ढांचे के विस्तार के तहत सबसे बड़े कलेम में से एक



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत अब तक के सबसे बड़े दावों में से एक के रूप में 4 लाख रुपये का जीवनरक्षक ऑपरेशन कैशलेस (नकदरहित) तरीके से किया गया, जो भगवंत मान सरकार की स्वास्थ्य प्रणाली के स्तर और जमीनी प्रभाव को दर्शाता है। लाभार्थी सुखपाल कौर (37), जो चंडीगढ़ की निवासी हैं, को 'एओर्टिक डिसेक्शन' नामक गंभीर हृदय और धमनियों की बीमारी के कारण पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया था, जिसके लिए तुरंत सर्जरी की आवश्यकता थी। इस प्रक्रिया, अस्पताल में भर्ती और विशेष देखभाल का अनुमानित खर्च लगभग 4 लाख रुपये था, जिसे इतने कम समय में जुटाना परिवार के लिए बेहद कठिन था। अस्पताल में स्वास्थ्य कार्ड की पुष्टि होते ही इलाज बिना किसी देरी के शुरू कर दिया गया। इस योजना के तहत प्रति परिवार 10 लाख रुपये तक के बीमा कवर के अंतर्गत पूरी प्रक्रिया कैशलेस पूरी की गई।

परिवार के एक सदस्य ने बताया, 'सब कुछ बहुत तेजी से हुआ। हमें बताया गया था कि स्थिति गंभीर है और तुरंत सर्जरी की जरूरत है। इतनी बड़ी राशि का तुरंत प्रबंध करना संभव नहीं था। स्वास्थ्य कार्ड ने यह सुनिश्चित किया कि इलाज में कोई देरी न हो।'

इस मामले के चिकित्सकीय पहलू पर प्रकाश डालते हुए पीजीआई, चंडीगढ़ के डॉ. सचिन महाजन ने कहा, 'एओर्टिक डिसेक्शन एक अत्यंत नाजुक स्थिति है, जिसमें तुरंत सर्जरी की आवश्यकता होती है। ऐसे मामलों में थोड़ी सी देरी भी जोखिम बढ़ा सकती है।

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत स्वास्थ्य कार्ड की सत्यापन के बाद हम वित्तीय मंजूरी की प्रतीक्षा किए बिना आगे बढ़ सके। यह हृदय से जुड़े उच्च जोखिम वाले मामलों में समय पर और निर्बाध इलाज सुनिश्चित करता है।' सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा, 'सुखपाल कौर जैसे नाजुक मोड़ पर एक अनमोल जीवन को बचा पाना अत्यंत संतोषजनक है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना जमीनी स्तर पर वास्तविक प्रभाव डाल रही है, जहां परिवार बिना धन की चिंता किए तुरंत इलाज प्राप्त कर पा रहे हैं।' लाखों परिवारों को कवर करते हुए और पूरे राज्य में महंगे उपचार उपलब्ध कराते हुए यह योजना पंजाब में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को और मजबूत बना रही है। पंजाब सरकार द्वारा लगातार निवासियों से अपील की जा रही है कि वे मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत कैशलेस इलाज का लाभ उठाने के लिए निर्धारित केंद्रों पर अपना स्वास्थ्य कार्ड बनवाएं।

### महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में पंजाब सरकार का बड़ा कदम

# 28 करोड़ से मुफ्त सैनिटरी पैड वितरण: डॉ. बलजीत कौर



**चंडीगढ़.** पंजाब के मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के दूरदर्शी नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा महिलाओं की स्वास्थ्य, स्वच्छता और सम्मान को मजबूत करने के लिए लगातार जन-केन्द्रित कदम उठाए जा रहे हैं। यह जानकारी सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने देते हुए बताया कि गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी पैड उपलब्ध कराकर उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को अधिक सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक बनाया जा रहा है। डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि चालू वर्ष के दौरान पंजाब सरकार द्वारा लगभग 28 करोड़ रुपये की लागत से 7.37 करोड़ से अधिक सैनिटरी पैड मुफ्त वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा को भी मजबूत कर रही है, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में। उन्होंने आगे बताया कि इस योजना के तहत राज्य की 13.65 लाख से अधिक महिलाओं को सीधे लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और पिछड़े वर्गों की महिलाओं को न केवल आर्थिक राहत मिली है, बल्कि वे अपनी स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति अधिक जागरूक हुई हैं, जिससे वे अधिक स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन जी रही हैं। डॉ. बलजीत कौर ने आगे बताया कि 'नई दिशा' योजना के तहत राज्य के 27,314 आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से हर महीने जरूरतमंद महिलाओं को 9 सैनिटरी पैड मुफ्त प्रदान किए जा रहे हैं। इससे यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि महिलाओं को यह आवश्यक सुविधा नियमित और आसानी से मिलती रहे। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पहल मासिक धर्म से जुड़ी झिझक और सामाजिक धारणाओं को तोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और महिलाओं तथा किशोरियों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित कर रही है। भविष्य की योजनाओं के बारे में बताते हुए मंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 14.60 करोड़ रुपये की लागत से 3.68 करोड़ रुपये से अधिक सैनिटरी पैड वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे अधिक संख्या में महिलाओं को इस योजना से जोड़ा जाएगा। डॉ. बलजीत कौर ने कहा, 'मान सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि हर महिला को स्वस्थ, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और कोई भी महिला बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे।' उन्होंने दृढ़ता से कहा कि पंजाब सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए इस प्रकार की महिला-केंद्रित और जनहितैषी योजनाओं को लगातार जारी रखेगी, ताकि राज्य में महिलाओं को स्वस्थ, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराया जा सके।

## एक नजर

### मुल्लांपुर स्टेडियम तैयार: 31 मार्च को पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस का मुकाबला

**चंडीगढ़.** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के अंतर्गत 31 मार्च को पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले मुकाबले के लिए न्यू चंडीगढ़ स्थित महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पूरी तरह तैयार है। मैच से पहले पीसीए के सेक्रेटरी एवं लोकसभा सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर और उपाध्यक्ष दीपक बाली ने स्टेडियम का दौरा कर सुरक्षा व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर मैच के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि दर्शकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देने के लिए हर स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। स्टेडियम में आने वाले दर्शकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है। भीड़ को नियंत्रित करने तथा एंट्री-एग्जिट को सुगम बनाने के लिए विशेष रूट मैप तैयार किया गया है। स्टेडियम के आसपास ट्रैफिक जाम से बचने के लिए पुलिस प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मोहाली की डीसी कोमल मित्तल और एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस ने मिलकर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि बेहतर आयोजन से पंजाब की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पंजाब को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी की मेजबानी भी मिली है, जो प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

### मृतसर में 7 किलो हेरोइन बरामद, 2 आरोपी गिरफ्तार; काउंटर इंटेलिजेंस ने की कार्रवाई

**अमृतसर.** अमृतसर में काउंटर इंटेलिजेंस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 7 किलो हेरोइन (चिट्टा) बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार यह खेप अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करोड़ों रुपये में मानी जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी लंबे समय से हेरोइन की खेप को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का काम कर रहे थे। ये लोग सप्लाई चेन का हिस्सा बनकर विभिन्न संपर्कों के माध्यम से नशे की डिलीवरी करते थे। पुलिस को आशंका है कि इनके तार सीमावर्ती क्षेत्रों और बाहरी राज्यों में सक्रिय तस्करों से जुड़े हो सकते हैं। इस मामले में स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल अमृतसर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है और उनसे जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। साथ ही यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह खेप कहां से लाई गई थी और आगे किसे पहुंचाई जानी थी।

### पंजाब भाजपा ने अधिकारी की आत्महत्या के बाद परिवार की सुरक्षा की मांग की



**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने सुसाइड करने वाले वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के संभागीय प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा के परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने का मुद्दा उठाया। एक वीडियो संदेश में भाजपा नेता जाखड़ ने कहा कि पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर के समर्थक अभी भी उनकी विचारधारा के समर्थन में नारे लगा रहे हैं, जबकि सरकार ने परिवार की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं की है। भाजपा नेता ने कहा कि इसके अलावा, एक भी अधिकारी ने परिवार से संपर्क कर संवेदना व्यक्त नहीं की है। उन्होंने कहा कि रंधावा की पत्नी एक सत्यवादी और ईमानदार परिवार से हैं, और जिस साहस के साथ वह न्याय के लिए लड़ रही हैं, वह सराहनीय है। उनकी हिम्मत को सलाम करते हुए, भाजपा अध्यक्ष जाखड़ ने कहा कि उन्होंने सरकारी दबाव के आगे घुटने नहीं टेके हैं और अपने पति के लिए न्याय की लड़ाई निडरता से लड़ रही हैं। भाजपा अध्यक्ष ने आगे कहा कि पूर्व मंत्री के समर्थकों द्वारा लगाए जा रहे नारों और फेसबुक पर अभी भी साझा की जा रही उन पोस्टों को देखते हुए संभागीय प्रबंधक के परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करना और भी आवश्यक हो गया है। उन्होंने सभी पंजाबियों से अपील की कि वे अपने मतभेदों को भुलाकर एक ईमानदार अधिकारी के लिए न्याय दिलाने के संघर्ष में एकजुट हों, ताकि इस अनमोल जान को लेने वालों को कड़ी सजा मिले और ईमानदारी का समर्थन करने वाले लोग निराश न हों।

### वृद्धावस्था जनसंख्या जागरूकता कार्यशाला का होशियारपुर में आयोजन 28 मार्च को

**होशियारपुर.** इंडियन एसोसिएशन ऑफ पार्लिअमेंटेरियन ऑन पापुलेशन एंड डेवलपमेंट (आईएपीपीडी) द्वारा होशियारपुर में वृद्धावस्था जनसंख्या विषय पर एक विशाल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन अविनाश राय खन्ना की अध्यक्षता में दिनांक 28 मार्च को सुबह 10:00 बजे डी.ए.वी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन, आर्य समाज रोड, हरि नगर , होशियारपुर में किया जा रहा है। खन्ना के कार्यालय से सचिव ज्योति कुमार जौली ने बताया कि श्री खन्ना आईएपीपीडी भारतीय संसद के चुनिंदा सांसदों की आर्गेनाइजेशन है जो प्रो कुरियन पूर्व चेयरमैन राज्य सभा तथा वाईस चेयरमैन अविनाश राय खन्ना के दिशा निर्देशों पर देश में जनसँख्या और विकास के विषयों पर कार्य कर रही है।

# पंजाब भारत का अग्रणी राज्य बनने की ओर लगातार बढ़ रहा है: अरोड़ा

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़.** कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने आज सराभा नगर में एक नुक्कड़ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार का चार साल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया।

जन सभा को संबोधित करते हुए संजीव अरोड़ा ने कहा कि पंजाब तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है और जल्द ही ÷रंगला पंजाब÷ बन जाएगा। राज्य ने पिछले चार वर्षों में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है, जिसकी पहले कभी कल्पना भी नहीं की गई थी और न ही पिछले 70 वर्षों में ऐसा हुआ। कैबिनेट मंत्री ने यह भी कहा कि भारत सरकार द्वारा पंजाब को सड़क सुरक्षा, शिक्षा और कारोबार करने में आसानी के क्षेत्रों में नंबर एक राज्य का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह पंजाब के इतिहास में पहली बार हुआ है जब राज्य को इन प्रमुख क्षेत्रों में ऐसी मान्यता मिली है। उन्होंने आगे कहा कि आज पूरे देश में चर्चा है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के असाधारण प्रयासों के कारण पंजाब किस तरह देश का नंबर एक राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। संज़ीव अरोड़ा ने कहा कि पिछले चार वर्षों से पंजाब के हर घर को प्रति माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है। उन्होंने बताया कि 75 प्रतिशत किसानों को सुबह के समय निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल रही है, जिसे आगामी धान (झोना) सीजन के दौरान बढ़ाकर 95 प्रतिशत कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पीएसपीसीएल की सेवाओं को अधिक कुशल और प्रभावी बनाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक मुनाफा, कम नुकसान और बेहतर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हुई है।

उन्होंने आगे बताया कि पंजाब सरकार ने हर नागरिक के लिए 10 लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की है, जिससे पंजाब ऐसा व्यापक कार्यक्रम लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि राज्य की महिलाओं को जल्द ही मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान द्वारा घोषित योजना के तहत 1000 रुपये और 1500 रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता मिलनी शुरू हो जाएगी। कहा कि राज्य की सड़कों को जल्द ही कूड़ा-मुक्त बनाया जाएगा।

### पंजाब पुलिस ने 551 स्थानों पर की छापेमारी; 201 गिरफ्तार

**चंडीगढ़.** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू की गई 'गैंगस्टरों ते वार' मुहिम के 65वें दिन पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के पहचाने और मैप किए गए 551 ठिकानों पर छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरों ते वार' पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए एक निर्णायक अभियान है, जिसे 20 जनवरी 2026 को पुलिस महानिदेशक गौरव यादव द्वारा शुरू किया गया था। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्य भर में विशेष अभियान चला रही हैं। 65वें दिन की कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने 201 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 3 हथियार बरामद किए।

# पंजाब के हजारा सिंह वाला में दूसरी मौत से हड़कंप, 50 से ज्यादा बच्चे बीमार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**फिरोजपुर।** जिले के सरहदी गांव हजारा सिंह वाला में एक 14 वर्षीय किशोर की मौत ने पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश पैदा कर दिया है। एक महीने के भीतर यह दूसरी मौत है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल गहरा गया है। जहां परिवार और ग्रामीण दूषित पानी के कारण पीलिया फैलने का आरोप लगा रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य विभाग अब तक पीलिया की आधिकारिक पुष्टि करने से बचता नजर आ रहा है और बीमारी के लिए फास्ट फूड व व्यक्तिगत लापरवाही को जिम्मेदार ठहरा रहा है। मृतक अर्शदीप सिंह 14 पुत्र कश्मीर सिंह की तबीयत पिछले सप्ताह अचानक बिगड़ गई थी। स्वजनों के अनुसार पहले उसे तेज बुखार हुआ, जिसके बाद हालत तेजी से खराब होती चली गई। उसे पहले फिरोजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन सुधार न होने पर मेडिकल कॉलेज फरीदकोट रेफर कर दिया गया। वहां से भी स्थिति गंभीर होने पर उसे बठिंडा स्थित एम्स और फिर चंडीगढ़ पीजीआई ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार के मुताबिक अर्शदीप पूरी तरह स्वस्थ था और पढ़ाई में अच्छा था। अचानक आई बीमारी ने कुछ ही दिनों में उसकी जिंदगी छीन ली। उसके पिता कश्मीर सिंह का आरोप है कि गांव में दूषित पानी के कारण ही यह बीमारी फैली और उनके बेटे की जान चली गई। गौरतलब है कि इसी माह के पहले सप्ताह में गांव की एक 14 वर्षीय बच्ची की भी मौत हो चुकी है, जिसे ग्रामीणों ने पीलिया का मामला बताया था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने गांव में मेडिकल कैंप लगाए थे और पानी के सैंपल भी लिए गए थे। लेकिन अब दूसरी मौत ने विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कैंप हटते ही हालात फिर बिगड़ने लगे और बीमारी पर कोई स्थायी नियंत्रण नहीं हो पाया। एक ग्रामीण ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में करीब 50 बच्चे बीमार हो चुके हैं और कई अभी भी इलाज करा रहे हैं। जहां एक ओर ग्रामीण साफ तौर पर दूषित पानी को बीमारी की जड़ मान रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि समस्या का बड़ा कारण गांव में बढ़ता फास्ट फूड का चलन है। अधिकारियों के मुताबिक गांव में लगने वाली रेहड़ियों और स्टालों पर बिकने वाला जंक फूड पेट संबंधी संक्रमण फैला रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गांव के वाटर वर्क्स की सप्लाई बंद कर दी गई है। इसके बावजूद समस्या कम नहीं हो रही। विभाग का कहना है कि ग्रामीण टैंकर से दिए जा रहे साफ पानी की बजाय अपने घरों में लगे सबमर्सिबल का पानी पी रहे हैं, जो संभवत: दूषित हो सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को पानी उबालकर पीने और क्लोरीन की गोलियों का इस्तेमाल करने की सलाह दी थी, लेकिन अधिकारियों के अनुसार अधिकांश ग्रामीण इन निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। यहां तक कि वितरित की गई क्लोरीन गोलियां भी घरों में इस्तेमाल किए बिना पड़ी हैं। लगातार हो रही मौतों और बीमारियों के चलते गांव में रोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में तुरंत दोबारा मेडिकल कैंप लगाए जाएं, स्वच्छ पेयजल की स्थायी व्यवस्था की जाए और सभी संदिग्ध मरीजों का मुफ्त इलाज सुनिश्चित किया जाए। लोगों का कहना है कि जब तक बीमारी के असली कारणों की पारदर्शी जांच नहीं होगी और ठोस कदम नहीं उठाए जाएंगे, तब तक ऐसे हादसे रुकने वाले नहीं हैं। हजारा सिंह वाला की स्थिति अब केवल एक गांव की समस्या नहीं रह गई, बल्कि यह ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था, पेयजल गुणवत्ता और प्रशासनिक जिम्मेदारी पर बड़ा सवाल बनकर उभरी है। एक ओर विभाग पीलिया की पुष्टि से बच रहा है, तो दूसरी ओर लगातार सामने आ रहे मामलों ने उसकी दलीलों को कमजोर कर दिया है। अब देखना यह होगा कि जांच के बाद सच्चाई सामने आती है या यह मामला भी आरोप-प्रत्यारोप के बीच दबकर रह जाता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अर्शदीप की मौत के मामले में अभी पीलिया की पुष्टि नहीं हुई है। ममदोट की मेडिकल अधिकारी डा. रेखा ने बताया कि मृतक की मेडिकल रिपोर्ट मंगवाई जा रही है और पूरी जांच के बाद ही बीमारी के असली कारणों का खुलासा होगा। वहीं विभाग के अनुसार पिछले एक सप्ताह में गांव से 14 मरीजों को सिविल अस्पताल रेफर किया गया है, जिनमें से अधिकांश की हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

वहीं इस पूरे मामले में जब सिविल सर्जन डा. राजीव पराशर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जिला स्वास्थ्य अधिकारी (डीएचओ) को गांव में लगने वाले फास्ट फूड स्टालों और रेहड़ियों के सैंपल लेकर जांच करने के निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं वीरवार को गांव में फिर से मेडिकल कैंप लगाया गया है ताकि बीमार बच्चों व अन्यों की जांच की जाए ।

# पंजाब यूनिवर्सिटी में गोलीबारी मामले का मुख्य शूटर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित पंजाब यूनिवर्सिटी में बॉटनी विभाग के पास गोलीबारी की घटना में पंजाब की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने चंडीगढ़ पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में एक आरोपी (शूटर) को गिरफ्तार कर लिया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने चंडीगढ़ पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में 17 मार्च, 2026 को पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में छात्र नेता जशनप्रीत सिंह जवंदा पर हुए गोलीबारी के मामले में मुख्य शूटर जसप्रीत सिंह उर्फ जस को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को अमलोह-पातरान रोड पर संक्षिप्त गोलीबारी के बाद गिरफ्तार किया गया, जिसमें वह घायल हो गया और उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह हमला बंबीहा गैंग के डोनी बल के इशारे पर किया गया था। घटनाक्रम के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष संबंध स्थापित करने के लिए आगे की जांच जारी है।

पंजाब पुलिस गैंगस्टरों के नेटवर्क पर नकेल कसने और पूरे पंजाब में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बता दें कि 17 मार्च की शाम को दो अज्ञात व्यक्ति दोपहिया वाहन पर सवार होकर कैंपस में घुसे और यूनिवर्सिटी के बॉटनी विभाग के पास पार्किंग एरिया में पहुंचकर हवा में दो गोलियां चलाईं। इसके बाद वे अंकुर स्कूल रोड से होते हुए कैंपस के अंदर बने मंदिर की तरफ भाग निकले।

दोनों आरोपियों ने अपना दोपहिया वाहन वहीं छोड़ दिया, मंदिर वाले इलाके को पैदल पार किया और कैंपस से बाहर निकल गए। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, आरोपियों को पंजाब सीमा की तरफ भागने से पहले बंदूक की नोक पर एक मोटरसाइकिल छीनते हुए देखा गया।

चंडीगढ़ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कंवरदीप कौर ने कहा, पुलिस ने घटनास्थल से दो खाली कारतूस बरामद किए हैं। शुरुआती जांच से पता चलता है कि गोलियां जशनप्रीत (जशन) सिंह जवंदा नाम के एक व्यक्ति को धमकाने के लिए चलाई गई थीं।

### एक ही दिन में करीब 1,000 गांवों और शहरी वार्डों में मंत्रियों, विधायकों और हलका प्रभारियों ने लोगों से किया संवाद

# मान के नेतृत्व में आप सरकार के 4 साल पूरे होने पर शानदार 4 साल, भगवंत मान दे नाल जनसंपर्क अभियान शुरू

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के चार साल पूरे होने के मौके पर पार्टी ने बुधवार को शानदार 4 साल, भगवंत मान दे नाल नाम से एक बड़ा रायव्यापी जनसंपर्क अभियान शुरू किया, जिसके जरिए सरकार अपने कामकाज का रिकॉर्ड सीधे गांवों और शहरी वार्डों में जाकर लोगों तक पहुंचा रही है। इस अभियान के तहत मंत्रियों, विधायकों और हलका प्रभारियों ने एक ही दिन में करीब 1,000 गांवों और वार्डों में पहुंचकर लोगों से संवाद किया और पंजाब सरकार की प्रमुख उपलब्धियों के बारे में बताया। इस अभियान में जनता की जबरदस्त भागीदारी देखी गई और लोगों ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में शासन और कल्याणकारी योजनाओं की डिलीवरी पर संतोष जताया। शाम चौरासी में लोगों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने कहा, आज पंजाब के सरकारी स्कूलों की चर्चा पूरे देश में हो रही है। यहां तक कि भारत सरकार द्वारा कराए गए सर्वे में भी माना गया है कि पंजाब के स्कूल नंबर वन बन गए हैं। 28,000 से अधिक शिक्षकों की पारदर्शी भर्ती और उन्हें फिनलैंड तथा सिंगापुर में प्रशिक्षण देने का नतीजा है कि पंजाब के छात्र अब जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं।

लुधियाना पश्चिम में बिजली क्षेत्र के सुधारों पर प्रकाश डालते हुए बिजली मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा, मान सरकार ने पंजाब के 90 प्रतिशत घरों के बिजली बिल शून्य करके इतिहास रच दिया है। पहले लोगों को भारी बिलों का डर सताता था, लेकिन आज उन्हें 24 घंटे बिना रुकावट बिजली आपूर्ति के साथ-साथ बड़ी राहत मिल रही है।

भोआ में बोलते हुए मंत्री लाल चंद कटारूचक ने पंजाब सरकार के नशे के खिलाफ अभियान को रेखांकित करते हुए कहा, भगवंत मान सरकार ने नशे के खिलाफ निर्णायक जंग छेड़ी है, जिसके तहत 92,000 से अधिक तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा गया है। इसके साथ ही 65,000 सरकारी नौकरियां पूरी तरह योग्यता के आधार पर दी गई हैं, वो भी बिना किसी रिश्वत या सिफारिश के। जंडियाला में मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव पर प्रकाश डालते हुए कहा, पंजाब में 985 आम आदमी क्लीनिक सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं, जहां 5 करोड़ से अधिक लोगों का मुफ्त इलाज हो चुका है। अब हर परिवार को 10 लाख रुपये तक का मुफ्त कैशलेस इलाज मिल रहा है, जिससे गरीबों को इलाज के लिए कर्ज लेने की जरूरत नहीं रही। मलोट में लोगों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने महिला-केंद्रित पहलों के बारे में बात करते हुए कहा, माता दी सत्कार योजना के तहत हर महिला को 1,000 रुपये प्रति माह और अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं को बैसाखी से 1,500 रुपये प्रति माह मिलेंगे। इसके साथ ही बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा ने महिलाओं को सशक्त बनाया है। जालंधर पश्चिम में मंत्री मोहिंदर भगत ने कृषि सहायता पर जोर देते हुए कहा, केवल मान सरकार ही किसानों की सची हितैषी है। आज किसानों को दिन के समय मुफ्त बिजली मिल रही है और दशकों बाद नहर का पानी खेतों की आखिरी सिरे तक पहुंचा है। फसल का भुगतान अब सिर्फ 24 घंटे के अंदर सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजा जा रहा है। लहरागागा में बोलते हुए मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने कल्याणकारी और बुनियादी ढांचा पहलों पर प्रकाश डालते हुए कहा, सरकार वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त तीर्थ यात्रा की सुविधा दे रही है। इसके अलावा देश के लिए अपनी जान देने वाले सैनिकों के परिवारों को 1 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि दी जा रही है, जो देश में सबसे अधिक है। सड़क सुरक्षा फोर्स के गठन से सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में 50 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले चार सालों में वह काम हुआ है जो आजादी के बाद से नहीं हो पाया था। 40,000 किलोमीटर सड़कों, 9,000 खेल मैदानों और 6,000 जिम के निर्माण के साथ रंगला पंजाब को फिर से बहाल करने का सपना साकार हो रहा है।

## एक नजर

### मनोरंजन के साथ ज्ञान, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी का भी संदेश देते है सांस्कृतिक कार्यक्रम : हनुमान कौशिक

**भिवानी.** कला परिषद द्वारा म्हारी संस्कृति-म्हारा स्वाभिमान संगठन के सानिध्य में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक की अध्यक्षता में एक भव्य हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हिसार के अग्रोहा मोड पर किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, संस्कृति प्रेमियों और बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही। यह जानकारी देते हुए संगठन के प्रवक्ता रामधन शास्त्री ने बताया कि इस कार्यक्रम भिवानी से भी खासी भागीदारी रही। कार्यक्रम का मंच संचालन भिवानी से पहुंचे धर्मवीर नागर द्वारा किया गया। उन्होंने हरियाणवी संस्कृति में संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हरियाणा की संस्कृति अपनी सादगी, वीरता, लोकपरंपराओं और उच्च जीवन मूल्यों के लिए जानी जाती है। यहां की रागनी, लोकगीत, बोली और परंपराएं न केवल हमारी पहचान हैं, बल्कि समाज को एकजुट रखने का सशक्त माध्यम भी हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने कहा कि हरियाणवी संस्कृति केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि ज्ञान, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी का भी संदेश देती है। वर्तमान समय में इन मूल्यों को सहेजना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपनी आने वाली पीढि?ं, विशेषकर तीसरी पीढ़ी तक इन संस्कारों को अवश्य पहुँचाएं, ताकि भविष्य में भी हमारी सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित और सशक्त बनी रहे। संगठन म्हारी संस्कृति-म्हारा स्वाभिमान का उद्देश्य हरियाणवी संस्कृति, लोक कला, रागनी परंपरा और सामाजिक संस्कारों का संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार करना है। संगठन समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज में सांस्कृतिक जागरूकता फैलाने, युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोडऩे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करता रहा है। इस अवसर पर हरियाणा के कलाकारों अशोक मिर्ची, डा. सुशीला जांगड़ा जींद, मीना शर्मा हांसी और सुदेश हिसार ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कलाकारों की रागनी और लोकगीतों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया और पूरे माहौल को सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में हरियाणवी लोक संस्कृति, परंपरा और कला की अद्भुत छटा देखने को मिली, जिसने सभी उपस्थित लोगों के मन में अपनी संस्कृति के प्रति गर्व की भावना को और प्रबल किया।

### कृषि मेला में लुवास की स्टॉल को प्रथम स्थान

**हिसार.** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार की स्टॉल ने हकृवि, हिसार में आयोजित कृषि मेला (खरीफ)-2026 के अंतर्गत कृषि-औद्योगिक प्रदर्शनी की स्टॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह मेला 23ङ्24 मार्च, 2026 को आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, सरकारी विभागों एवं निजी संस्थानों द्वारा नवीनतम तकनीकों, उत्पादों एवं सेवाओं का प्रदर्शन किया गया। लुवास की स्टॉल पर पशुपालन, डेयरी प्रबंधन, उन्नत नस्लों, संतुलित पशु आहार, रोग नियंत्रण तथा आधुनिक पशु चिकित्सा सेवाओं से संबंधित जानकारी को अत्यंत आकर्षक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे किसानों एवं आगंतुकों ने खूब सराहा। स्टॉल पर उपस्थित विशेषज्ञों ने किसानों एवं पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन, डेयरी तकनीकों तथा पशु स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। किसानों ने प्रदर्शित तकनीकों में विशेष रुचि दिखाई तथा अपनी समस्याओं के समाधान प्राप्त किए। निर्णायक मंडल द्वारा स्टॉल की साज-सज्जा, नवाचार, जानकारी की उपयोगिता तथा किसानों के साथ प्रभावी संवाद के आधार पर मूल्यांकन करते हुए लुवास की स्टॉल को महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय/ सरकारी विभाग श्रेणी में प्रथम स्थान प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम व लुवास की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार टीम के समर्पित प्रयासों, उत्कृष्ट समन्वय और किसानों के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मेले विश्वविद्यालय द्वारा विकसित नवीन तकनीकों और अनुसंधान आधारित ज्ञान को किसानों तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम हैं।

### माँ कालरात्रि का रूप भयावह होने के बावजूद अपने भक्तों के लिए शुभंकरी शुभ फल देने वाली हैं : बजरंग गर्ग

**हिसार.** श्री प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट में सातवें दिन मां दुर्गा के स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना व कीर्तन संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग के नेतृत्व में हुआ। जिसमें भजन कीर्तन करके देश की खुशी के लिए मंगल गीत गाए। शिवालय ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग ने पूजा करने के उपरांत संबोधित करते हुए कहा कि माँ कालरात्रि का रूप भयावह होने के बावजूद अपने भक्तों के लिए शुभंकरी शुभ फल देने वाली हैं। मां कालरात्रि अंधकार का नाश, दुष्टों का संहार करने वाली और भक्तों को निडरता प्रदान करने वाली शक्ति हैं। मां दुर्गा के उग्र और कल्याणकारी रूपी मां कालरात्रि को समर्पित है। मां कालरात्रि का दिन नकारात्मकता, भय और दृष्टि शक्तियों के विनाश के लिए जाना जाता है। आज विशेष तौर पर गुड व गुड के व्यंजनों का भोग लगाया गया और ऊं कालरात्रि देव्ये नमः मंत्र के जाप किया। बजरंग गर्ग ने कहा कि धार्मिक आयोजन से आपसी भाईचारे को मजबूती मिलती है।

### विशेष अनुष्ठान और कन्या पूजन

**समालखा.** आस्था, भक्ति और विश्वास के महापर्व चैत्र नवरात्र की महाअष्टमी पर बृहस्पतिवार को प्राचीनश्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर में धूमधाम में हर्षोल्लास से आयोजित किया गया। आचार्य सुभाष शास्त्री के अनुसार महानवमी की पूर्णाहुति शुक्रवार को सविधि मंत्रोच्चार के साथ होगी। इस बार अष्टमी पर सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ रवि योग का भी संयोग मिल रहा है। इस विशेष संयोग ने देवी आराधना के महत्व और बढ़ा दिया है। मंदिर में विशेष अनुष्ठान कर कन्या पूजन कर प्रशाद व्रताया गया। वहीं पार्षद मनीष बेनीवाल नें बताया कि महागौरी को परम कल्याणकारी और मंगलकारी देवी माना जाता है। इनकी आराधना से पूर्व जन्म के पापों का नाश होता है और सभी के जीवन की दुख, दरिद्रता व कष्ट दूर हो जाते हैं। भक्तो नें इस दिन व्रत का पारण करने के साथ ही कन्या पूजन भी किया। मां महागौरी की आराधना से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। वहीं प्रधान अनिल बेनीवाल नें बताया कि महागौरी का वर्ण अत्यंत गौर है, इसी कारण उन्हें यह नाम प्राप्त हुआ। पुराणों में उन्हें अष्टवर्षीय देवी के रूप में वर्णित किया गया है। श्वेत वस्त्र और आभूषण धारण करने वाली महागौरी को श्वेतांबरधरा भी कहा जाता है, जबकि उनका वाहन वृषभ होने से वे वृषारूढ़ा कहलाती हैं। इस अवसर पर सर्वजीत बंसल, मोनू बेनीवाल, अनमोल, सतबीर धीमान, मीणा बेनीवाल, परी बेनीवाल, मानव बेनीवाल, एंजेल बेनीवाल, ठेकेदार सुमित गाहल्याण सहित अन्य पदाधिकारी एवं श्रद्धालु गण मौजूद रहे।

### पर्पल डे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कुरुक्षेत्र.** हर वर्ष 26 मार्च को दुनिया भर में पर्पल डे मनाया जाता है। इसका उद्देश्य मिर्गी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इससे जुड़े सामाजिक भेदभाव को कम करना है। मेडिकल साइंस में लगातार प्रगति के बावजूद आज भी समाज में मिर्गी रोगियों को अनेक गलत धारणाओं और पूर्वाग्रहों का सामना करना पड़ता है। यह कहना है पूर्व सिविल सर्जन एवं लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के परामर्शक-फिजिशियन एवं हृदय-छाती रोग विशेषज्ञ डॉ.शैलेंद्र ममगाईं शैली का। वे आज अस्पताल परिसर में मिर्गी रोग के प्रति आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसमें रोगियों और उनके परिजनों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि मिर्गी एक सामान्य न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जिसमें मस्तिष्क की विद्युत गतिविधियों में असामान्य बदलाव के कारण बार-बार दौरे पड़ सकते हैं। अनुमान है कि भारत में लगभग एक करोड़ लोग मिर्गी से प्रभावित हैं। डॉ. शैली के मुताबिक यह बीमारी किसी भी उम्र में हो सकती है।इसके प्रमुख कारणों में जन्म के समय मस्तिष्क में चोट, सिर में गंभीर चोट,संक्रमण,स्ट्रोक(पक्षाघात), दिमाग में कीड़ा(न्यूरोसिस्टीसर्कोसिस) और कुछ आनुवांशिक कारण शामिल हैं।

# खाड़ी युद्ध से उपजे हालात से निपटने को भारत पूरी तरह से तैयार : मनोहर लाल

पंचकूला ऑब्जर्वर

**करनाल.** करनाल में ई-दिशा की बैठक में पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर शामिल होने पहुंचेंञ वह रेल मार्ग से करनाल पहुंचे। यहां उनका स्वागत विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेनू वाला गुप्ता, जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर भाजपा नेता ब्रज गुप्ता, मोहन लोधी, विशन सिंह शेखावत ने किया। रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए देशवासियों को रामनवमी और दुर्गा अष्टमी की शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय मंत्री दिल्ली से ट्रेन में सवार होकर करनाल पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह पावन पर्व सभी के



जीवन में सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आएं। साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हालात के बीच देश की तैयारियों पर भरोसा जताया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने खुद के ट्रेन से करनाल पहुंचने को सामान्य बताते हुए कहा कि दिल्ली से पानीपत और करनाल तक का सफर रेल मार्ग से आसान और आरामदायक रहता है। उन्होंने संकेत दिए कि क्षेत्र में जरूरत के अनुसार ट्रेनों के ठहराव और सुविधाओं को आगे भी बढ़ाया जाएगा, ताकि यात्रियों को और बेहतर सुविधा मिल सके वैश्विक हालात का असर, लेकिन भारत पूरी तरह तैयार पेट्रोलियम और गैस आपूर्ति को लेकर उठे सवालों पर मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि यह केवल भारत की समस्या नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी स्थिति का असर है। कुछ देशों के बीच चल रहे संघर्षों के कारण ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इसके बावजूद भारत ने पहले से तैयारी कर रखी है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन और रणनीति मौजूद है। लोगों से संयम बनाए रखने की अपील लंबी लाइनों और लोगों में चिंता के माहौल पर उन्होंने साफ कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। देश के पास पर्याप्त भंडार और विकल्प उपलब्ध हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और संयम बनाए रखें। वर्तमान स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और आने वाले समय में भी किसी प्रकार की कमी की आशंका नहीं है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश अब अपने संसाधनों पर भरोसा करना सीख रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार अपनी जगह है, लेकिन भारत हर परिस्थिति में खुद को मजबूत और सक्षम बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू



पंचकूला ऑब्जर्वर

**भिवानी.** स्थानीय राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय जिला स्तरीय विशेष शिविर का उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। इस शिविर में जिले के 15 विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 200 स्वयंसेवक और 15 कार्यक्रम अधिकारी अपनी सहभागिता दर्ज करा रहे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कोऑर्डिनेटर आनंद कुमार ने की, जबकि जिला परियोजना संयोजक शिव कुमार तंवर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि शिव कुमार तंवर ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस का मूल मंत्र स्वयं से पहले आप, मात्र एक नारा नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है। उन्होंने युवाओं पर जोर देते हुए कहा एनएसएस एक ऐसी विचारधारा है जो किताबी ज्ञान से इतर युवाओं को समाज की जमीनी हकीकत, अनुशासन और नेतृत्व के गुणों से रूबरू कराती है। एक स्वयंसेवक वही है जो संकट के समय समाज के लिए सबसे पहले खड़ा हो। शिविर के दौरान अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रामधन शास्त्री ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अनुशासन ही वह सेतु है जो लक्ष्य और उपलब्धि को आपस में जोड़ता है। बिना अनुशासन के कोई भी राष्ट्र या संगठन प्रगति नहीं कर सकता। इस शिविर का प्राथमिक उद्देश्य युवाओं के भीतर आत्म-अनुशासन विकसित करना है, ताकि वे न केवल एक अच्छे स्वयंसेवक बल्कि देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कार्यक्रम का मंच संचालन ज्योति रानी के साथ स्वयंसेविका प्रिया एवं तन्नू द्वारा अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया गया। शिविर की सफलता सुनिश्चित करने में कार्यक्रम अधिकारियों की टीम का विशेष योगदान रहा, जिनमें मुख्य रूप से सुमेर, नरेंद्र श्योराण, आनंद कुमार, कुसुम रानी, बनिता, कविता, सुरेश कुमार एवं हरेन्द्र पुनिया रहे।

जिला कोऑर्डिनेटर आनंद कुमार ने बताया कि यह शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सात दिनों तक चलने वाले इस शिविर में स्वयंसेवकों को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता, स्वच्छता अभियान, प्राथमिक चिकित्सा और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

## 75 करोड़ की लागत से बना सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तैयार, जलभराव से मिलेगी राहत



पंचकूला ऑब्जर्वर

**नरवाना.** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने वीरवार को अधिकारियों की टीम के साथ पटियाला रोड स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया और प्लांट के निर्माण बारे मौके पर मौजूद जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से यथा स्थिति जानी। मौका मुआयना के दौरान कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य पूरा हो चुका है और अब यह पूर्णतया शुरू होने की स्थिति में है।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पटियाला रोड स्थित एसटीपी के साथ करीब चार करोड रुपए खर्च कर नई लाइन बिछाकर धरोदी रोड स्थित दूसरे एसटीपी को भी जोड़ा जा चुका है। नरवाना शहर का अब सारा बरसाती तथा सीवरेज का पानी पटियाला रोड एसटीपी से ट्रीट होकर नई बिछाई गई पाइपलाइन के जरिए धनौरी ड्रेन में पड़ेगा। कैबिनेट मंत्री के अनुसार इस एसटीपी से धनौरी ड्रेन तक करीब 27 किलोमीटर लंबी तथा 700 एम एम चौड़ी पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। यह कार्य लगभग पूरा हो चुका है और इस पूरे प्रोजेक्ट पर सरकार द्वारा करीब 75 करोड रुपए की बड़ी राशि खर्च की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि एसटीपी में 100-100 हॉर्स पावर क्षमता की पांच - पांच मोटर लगाई गई है इसके अलावा 315 केवी बिजली क्षमता का बड़ा ट्रांसफार्मर भी बहुत जल्दी रख दिया जाएगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने आगे बताया कि बरसाती दिनों में नरवाना शहर पांच- पांच फिट तक जलमग्न हो जाता था। सीवरेज अवरुद्ध हो जाते थे। शहर वासियों की जिंदगी बेहाल हो जाती थी और शहर बीमारियों का हब बन जाता था। इस विकराल समस्या से शहरवासी पिछले करीब 50 वर्षों से परेशान थे। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि अब शहर वासियों को इस समस्या से स्थाई तौर पर निजात मिल गई है। शहर वासियों की इस जीवन संजीवनी के लिए वे स्वयं पिछले 15 महीना से लगातार लगे हुए थे। अब शहर वासियों की जिंदगी खूबसूरत बनेगी। कैबिनेट मंत्री ने आगे बताया कि इस एसटीपी के शुरू होने से नरवाना शहर का 80 फ़ीसदी एरिया कवर हो जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि रेलवे पार 20त्न एरिया को भी जल भराव तथा सीवरेज की समस्या से निजात मिलेगी। इसके लिए दबलैन रोड पर तीसरा एसटीपी बनाया जाएगा। इसकी औपचारिकताएं लगभग पूरी हो चुकी है।

## फेसबुक/इंस्टाग्राम विज्ञापन के जरिए धोखाधड़ी करने वाले दो काबू

**टोहाना.** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस* के दिशा-निर्देशन में थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपी सुरिंद्र सिंह पुत्र गुरमेल सिंह निवासी अनाज मंडी, हरगोविंद नगर, जैतो जिला फरीदकोट (पंजाब) तथा बिट्टू पुत्र गोविंदा सिंह निवासी जीवन नगर बस्ती, टिब्बी साहिब रोड, जैतो जिला फरीदकोट (पंजाब) को काबू किया है। आरोपियों से रुपये 12,000 नगदी बरामद हुई है। पूछताछ उपरांत आरोपियों को जमानत पर रिहा किया गया है।

थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि शिकायतकर्ता जितेन्द्र पुत्र अशोक कुमार निवासी किला मोहल्ला टोहाना ने साइबर पोर्टल पर



शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, फेसबुक/इंस्टाग्राम पर पुराने सिक्के व नोट खरीदने के नाम पर विज्ञापन दिखाकर आरोपियों ने उसे झांसे में लिया और विभिन्न चार्ज के नाम पर कई बार ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करवा लिए। इस प्रकार आरोपियों ने शिकायतकर्ता से कुल रुपये 1,04,549 की ठगी की। शिकायत के आधार पर थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद में अभियोग संख्या 19 दिनांक 21.03.2026 धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

## जमीन पर कब्जा करने गए लोगों पर हमला गोलियां चलीं, दो की मौत

**करनाल.** हरियाणा के करनाल के घरौडा क्षेत्र में जमीनी विवाद में 2 लोगों की हत्या कर दी गई। दोनों पक्ष के लोग गुरुवार को खेत पर कब्जा करने के लिए गए थे। इस दौरान एक पक्ष ने फायरिंग कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि फायरिंग होने के साथ ही ही दोनों पक्षों में जमकर लाठी- डंडे भी चले। इसमें 10-12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें 3 की हालत सीरियस बनी हुई है। इलाज के दौरान एक बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। वहीं, दूसरे पक्ष के लोगों ने एक व्यक्ति के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी घरौंडा और सीआईए टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है।पुश्तैनी जमीन को लेकर विवाद‑ घरौड़ा के मुंडोगढ़ी गांव के सगे भाई सुलेमान और आलीशान में पुश्तैनी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि चाचा के बेटे लियाकत अली ने करीब 15 साल पहले कादियान नाम के एक व्यक्ति को अपनी जमीन बेच दी थी। जमीन का कब्जा दिलाने गया था‑ इसके बाद कादियान ने ये जमीन 3 साल पहले आलीशान को बेच दी। इसी को लेकर सुलेमान झगड़ा करता था। गुरुवार को कादियान, आलीशान को जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए गया था। इसी दौरान सुलेमान पक्ष ने इनके ऊपर हमला कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। कई साल से जमीन पर बुआई कर रहे‑ मामले में सुलेमान पक्ष के अल्ताफ का कहना है कि जमीन हमारी है। हम कई सालों से इस जमीन पर बुआई करते आ रहे है।

## फसल खरीद के लिए हो उचित व्यवस्था, समय रहते तैयारी करें सुनिश्चित : डीसी

**टोहाना.** डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से रबी फसल खरीद के दौरान मंडियों में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न आने दी जाए, संबंधित विभाग इस बात का विशेष ध्यान रखें और सभी व्यापक प्रबंध समय पर सुनिश्चित हों। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में रबी सीजन फसल खरीद को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। डीसी ने कहा कि मंडी में सरसों व गेहूं बेचने आने वाले किसानों की मूलभूत सुविधाओं का पूरा ध्यान रखते हुए संबंधित विभाग आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जिला में रबी फसल की खरीद के लिए 7 अनाज मंडी व जरुरत अनुसार खरीद केंद्र बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला में हैफेड, खाद्य आपूर्ति विभाग और वेयर हाउस द्वारा निर्धारित नियमानुसार फसल की खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा गेहूं 2585 रुपए प्रति क्विंटल और सरसों 6200 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित किया गया है।

डीसी डॉ. विवेक भारती ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित मापदंडों के अनुसार मंडियों में फसल खरीद की जाए। सभी नोडल अधिकारी मंडियों की फील्ड विजिट करें। साथ ही नमी मापने वाले उपकरणों (मॉइस्चर मीटर) की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मंडी में आने वाले किसानों की सुविधा का पूरा ध्यान रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के लिए मंडियों में पेयजल, शौचालय, छाया सहित अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

### डीसी साहिल गुप्ता ने तोशाम में होने वाले उन्नत सिंचाई उत्सव की तैयारियां का लिया जायजा

# कार्यक्रम को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

पंचकूला ऑब्जर्वर

**भिवानी.** तोशाम में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के 31 मार्च को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर डीसी साहिल गुप्ता ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को साथ लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से बनाने को लेकर जरूरी निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि किसानों में टपका/सूक्ष्म सिंचाई पद्धति के बारे में जागरूकता लाने को लेकर प्रदेश की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी द्वारा मी-काढ़ा विभाग व ईरीगेशन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 31 मार्च से एक अप्रैल तक कस्बा तोशाम में उन्नत सिंचाई उत्सव का आयोजन करवाया जा रहा है। कार्यक्रम में सूक्ष्म सिंचाई उपकरणों की विशाल प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें विभिन्न कंपनियों की करीब 90 स्टॉल लगाई जाएंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ 31 मार्च को



प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।

बुधवार को डीसी साहिल गुप्ता ने कस्बा तोशाम स्थित चौ. सुरेंद्र सिंह मैमोरियल खेल परिसर में कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मी-काढ़ा विभाग और ईरीगेशन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंडाल में महिलाओं के बैठने के लिए विशेष सेक्टर बनाएं जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े, इसके लिए कस्बे में चारों ओर मुख्य मार्गों पर उचित जगहों पर वाहन पार्किंग बनाई जाए। उन्होंने बारिश की संभावना के मद्देनजर सारा पंडाल वाटर प्रूफ बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही डीसी ने यहां पर किसानों के लिए लगाई जाने वाली प्रदर्शनी को भी व्यवस्थित तरीके से बनाने को कहा। डीसी ने चौ. बंसीलाल राजकीय महिला कॉलेज में बनाए जाने वाले हेलीपैड स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां आसपास परिसर में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। डीसी ने कस्बे में पर्याप्त संख्या में मोबाईल टॉयलेट रखवाने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि 31 मार्च को कार्यक्रम स्थल के आसपास व मुख्य सडक पर सफाई व्यवस्था दुरूस्त करवाई जाए और रेहडियों की वजह से भीड़भाड़ नहीं होनी चाहिए।

इस दौरान केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी के प्रतिनिधि के तौर पर एडवोकेट हरिसिंह सांगवान, प्रदीप गोलागढ़, सीईओ जिला परिषद अजय चौपड़ा, एसडीएम महेश कुमार, सीएमओ रघुवीर शांडिल्य, सिंचाई विभाग से अधीक्षक अभियंता ओपी बिश्नोई, डीडीपीओ सोमबीर कादयान, जीएम रोडवेज दीपक कुंडू, कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. विनोद फोगाट, नायब तहसीलदार अशोक कुमार, मी-काढ़ा से कार्यकारी अभियंता मनीष देशवाल, बिजली निगम से कार्यकारी अभियंता संजय रंगा, लोक निर्माण विभाग कार्यकारी अभियंता लोकेश डागर, बिजली निगम एसडीओ चेतन, मार्केट कमेटी सचिव सुदेश श्योराण, तोशाम के सरपंच राजेश कुमार, सुखबीर चेयरमैन, वाइस चेयरमैन सुनील भारीवास, ओमपाल पंघाल व अन्य थे।

# गर्मियों में चाहिए ठंडक और इंस्टेंट एनर्जी? रोजाना करें आम पन्ना का सेवन



ई दिल्ली । गर्मी के बढ़ते तापमान में शरीर को हाइड्रेट रखना स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। डिहाइड्रेशन से बचने के लिए प्राकृतिक और स्वादिष्ट कोल्ड ड्रिंक का सेवन सबसे अच्छा विकल्प है। हेल्थ एक्सपर्ट ऐसे ही आसानी से तैयार और सेहत के लिए लाभदायी आम पन्ना के रोजाना सेवन की सलाह देते हैं। नेशनल हेल्थ मिशन तेज धूप और लू के मौसम में पर्याप्त तरल पदार्थों के सेवन पर जोर देता है। ऐसे में पारंपरिक और जादुई ड्रिंक आम पन्ना बेहतरीन विकल्प है, जो कच्चे आम से बनता है। यह न सिर्फ शरीर को ठंडक और ताजगी देता है, बल्कि इंस्टेंट एनर्जी भी प्रदान करता है। आम पन्ना गर्मियों का सबसे लोकप्रिय घरेलू पेय है। कच्चे आमों को भूनकर या उबालकर उनका गूदा निकाला जाता है, फिर इसमें चीनी या गुड़, भुना जीरा, काला नमक, सादा नमक और पुदीना मिलाकर तैयार किया जाता है। यह पेय शरीर की गर्मी को कम करने, पाचन सुधारने और डिहाइड्रेशन से बचाने में बेहद प्रभावी है। आयुर्वेद में इसे प्राकृतिक कूलिंग एजेंट माना जाता है। आम पन्ना पीने के कई स्वास्थ्य लाभ हैं। सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह डिहाइड्रेशन से बचाता है। गर्मी में पसीने से शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स, या सोडियम, पोटैशियम आदि की कमी हो जाती है। आम पन्ना इनकी पूर्ति करता है, जिससे थकान दूर होती है और एनर्जी बनी रहती है। यह पानी से बेहतर विकल्प साबित होता है, क्योंकि इसमें प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट्स मौजूद होते हैं।

दूसरा महत्वपूर्ण लाभ पाचन तंत्र को मजबूत बनाना है। कच्चे आम में मौजूद एसिड और फाइबर पाचन एंजाइम्स को सक्रिय करते हैं। पुदीना और जीरा मिलाने से ब्लोटिंग, एसिडिटी और कब्ज जैसी समस्याएं कम होती हैं। गर्मी में अक्सर पेट की परेशानी बढ़ जाती है। ऐसे में आम पन्ना राहत देता है। तीसरा, इसमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है, जो इम्युनिटी बढ़ाता है। इससे संक्रमण और मौसमी बीमारियों से बचाव होता है। साथ ही यह शरीर की गर्मी को संतुलित रखता है और लू या हीट स्ट्रोक के खतरे को कम करता है।

आम पन्ना प्राकृतिक रूप से शरीर का तापमान नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके अलावा, यह त्वचा के लिए भी फायदेमंद है। विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाते हैं। गर्मी में होने वाली थकान और कमजोरी को दूर करने में यह इंस्टेंट एनर्जी बूस्टर का काम करता है। कुछ अध्ययनों और पारंपरिक ज्ञान के अनुसार, यह लीवर स्वास्थ्य को भी सपोर्ट करता है और वजन प्रबंधन में सहायक हो सकता है यदि मध्यम मात्रा में लिया जाए। आम पन्ना बनाना भी आसान है। 2-3 कच्चे आमों को धोकर भूनें या उबाल लें। इसके बाद ठंडा होने पर छीलकर गूदा निकाल लें। फिर इसमें स्वाद के अनुसार चीनी या गुड़, एक चम्मच भुना जीरा पाउडर, आधा चम्मच काला नमक, थोड़ा सादा नमक और कटी पुदीना पत्तियां मिलाकर पेस्ट बनाएं। इसके बाद सर्व करें।





## कुंभकर्ण की भूमिका में नजर आएंगे फैसल मलिक

**फिल्म 'रामायण' सबसे ज्यादा इंतजार किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स में से एक है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश जैसे कई बेहतरीन कलाकार शामिल हैं। फिल्म को लेकर फैंस उत्साहित हैं। खबर है कि इस फिल्म से 'पंचायत' फेम फैसल मलिक भी जुड़ रहे हैं। वह इसमें अहम किरदार निभाएंगे।**

'रामायण' में कुंभकर्ण की भूमिका के लिए फैसल मलिक को चुना गया है। इससे पहले, इस भूमिका के लिए बॉबी देओल का नाम सामने आया था। फैसल मलिक को सीरीज 'पंचायत' में प्रह्लादचा का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। हाल ही में उन्हें अनिल कपूर की फिल्म 'सूबेदार' में भी देखा गया था।

### पहला शेड्यूल पूरा किया

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। बताया जाता है कि वह मुंबई के प्राइम फोकस स्टूडियो में कुंभकर्ण के शुरुआती सीन के लिए यश के साथ शामिल हुए। सूत्र ने पोर्टल को बताया कि फैसल मलिक की लंबाई और उनकी अच्छी-खासी कद-काठी उन्हें इस रोल के लिए एकदम सही बनाती है। अब तक, फैसल मलिक को कास्ट किए जाने की कोई भी आधिकारिक पुष्टि न तो फिल्म बनाने वालों की तरफ से हुई है और न ही एक्टर की तरफ से।

### रामायण की कास्ट

वैरायटी इंडिया ने हाल ही में जानकारी दी थी कि राघव जुयाल को रामायण में मेघनाद (जिसे इंद्रजीत भी कहा जाता है) का रोल निभाने के लिए चुना गया है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम का रोल निभा रहे हैं, वहीं साई पल्लवी देवी सीता के रूप में नजर आएंगी। यश इस फिल्म में रावण के रूप में दिखाई देंगे। सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण का रोल निभाएंगे। काजल अग्रवाल और रकुल प्रीत सिंह मंदोदरी और शूर्पणखा के रूप में नजर आएंगी।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी कर रहे हैं। रामायण पार्ट वन इस दिवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है, जबकि इसका दूसरा भाग 2027 की दिवाली पर रिलीज होगा।



## सपनों को उड़ान देने के लिए पंख जरूरी और ये पंख हमारे अपने होते हैं

सपनों को पूरा करने की दौड़ में कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में अगर किसी का सहारा मिले तो संघर्ष कुछ हद तक आसान लगने लगता है। यही बात बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने इंटरव्यू में कही। उन्होंने कहा कि टैलेंट के साथ-साथ अगर किसी का साथ मिल जाए तो इंसान कामयाबी हासिल कर सकता है। दिव्या दत्ता ने कहा, ''हर इंसान के अंदर टैलेंट जरूर होता है, लेकिन उसे पहचानने के लिए किसी अपने का साथ जरूरी होता है। जब किसी व्यक्ति को परिवार का साथ मिलता है तो उसका आत्मविश्वास और हौसला दोगुना हो जाता है। सपनों को उड़ान देने के लिए पंख चाहिए होते हैं, और ये पंख हमारा अपना परिवार और अपने ही लोग ही होते हैं।'' दिव्या दत्ता ने अपना अनुभव भी साझा किया। उन्होंने कहा, ''मैंने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए लोगों को देखा है कि वे किस तरह अपनी पहचान बना रहे हैं। कोई गृहिणी अपने कुकिंग टैलेंट को दुनिया के सामने ला रही है, तो कोई ट्रैवल ब्लॉग के जरिए लोगों के बीच अपनी पहचान बना रहा है। इन सभी कहानियों में एक चीज समान है, और वो है अपने परिवार और करीबियों का साथ... इस साथ के जरिए उन्हें आगे बढ़ने की हिम्मत मिलती है।''

उन्होंने कहा, ''मैंने अक्सर देखा है कि लोग अपनी ही दुनिया में सिमटे रहते हैं और ये मानकर बैठे रहते हैं कि उनकी परेशानियां और संघर्ष सबसे बड़े हैं, लेकिन जब हम दूसरों की कहानियों को देखते हैं, तब पता चलता है कि हर किसी की अपनी-अपनी लड़ाई है, जिसे लड़कर वह आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में अगर किसी को थोड़ा सा भी सहारा मिल जाए तो वह बड़ी से बड़ी मुश्किल को पार कर सकता है।'' इस बातचीत में फिल्ममेकर सशांत शाह ने भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, ''आज के समय में सोशल मीडिया एक बड़ा प्लेटफॉर्म बन चुका है। यहां हर किसी के टैलेंट को मौका मिलता है, लेकिन साथ ही यह भी जरूरी है कि टैलेंट को सही समर्थन भी मिले। अगर किसी के अंदर काबिलियत है तो उसे आगे लाने के लिए किसी का साथ मिलना बहुत जरूरी है।''

## रोमांटिक अंदाज में वापसी करेंगे शाहरुख



शाहरुख खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर रोमांस का जादू बिखेरने की तैयारी में हैं। हाल ही में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'किंग' के बाद किंग खान एक बिग बजट रोमांटिक फिल्म में नजर आ सकते हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म में उनका लुक काफी अलग और विंटेज स्टाइल का होगा, जो दर्शकों के लिए नया अनुभव लेकर आएगा। रिपोर्ट के मुताबिक यह फिल्म क्लासिक लव स्टोरी पर आधारित होगी, जिसमें इमोशंस और पुराने दौर की फीलिंग्स को मॉडर्न टच के साथ पेश किया जाएगा। मेकर्स इस प्रोजेक्ट को बड़े स्तर पर बनाने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि दर्शकों को एक भव्य सिनेमैटिक अनुभव मिल सके। रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख इस फिल्म में एक परिपक्व और गहराई वाले किरदार में दिखाई देंगे। उनका यह अवतार उनके पुराने रोमांटिक इमेज की याद दिलाएगा, जिसे दर्शकों ने 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'कुछ कुछ होता है' और 'वीर-जारा' जैसी फिल्मों में खूब पसंद किया था।



## श्रीलीला ने बताया क्यों छोड़ना चाहती थीं इंडस्ट्री



**तेलुगु अभिनेत्री श्रीलीला इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में वो पवन कल्याण के साथ नजर आई हैं। इस बीच श्रीलीला ने ट्रोलिंग को लेकर बात की और बताया कि ट्रोलिंग से उन पर क्या प्रभाव पड़ता है। उन्होंने ये भी बताया कि आखिर क्यों उन्होंने फिल्में छोड़ने तक का प्लान भी बना लिया था?**

### पहले ट्रोलिंग करती थी परेशान

श्रीलीला ने ट्रोलिंग को लेकर बात की। उनसे पूछा गया कि क्या ट्रोलिंग उन्हें परेशान करती है? इस पर एक्ट्रेस ने कहा कि जब मैंने इस इंडस्ट्री में शुरुआत की थी, तब तो करती थी। मुझे बहुत बुरा लगता था, मैं रोती थी। मैंने अपनी मां से भी कहा था, मुझे नहीं लगता कि मैं यह कर पाऊंगी। क्या मुझे वापस स्कूल या कॉलेज जाना चाहिए? मैं बहुत संवेदनशील थी, लेकिन अब मुझे इसकी परवाह नहीं है। श्रीलीला ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि आजकल लोगों में अपनी बुद्धि होती है। इसलिए, निगेटिविटी देखने पर भी वे थोड़ा सोचते हैं। आजकल के लोगों में पहले से ज्यादा बुद्धि होती है। इसलिए वो ज्यादा ही सोचते हैं।

### कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएंगी श्रीलीला

वर्कफ्रंट की बात करें 'उस्ताद भगत सिंह' के बाद श्रीलीला अब अनुराग बसु द्वारा निर्देशित अनाम फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वो कार्तिक आर्यन के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। यह एक म्यूजिकल लव स्टोरी है। पहले इसे 'आशिकी 3' बताया जा रहा था, हालांकि, बाद में मेकर्स ने साफ किया कि ये 'आशिकी 3' नहीं है। अब फिल्म का नाम 'तू मेरी जिंदगी है' बताया जा रहा है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



## 'द इंडिया हाउस' से मेरा हिस्टोरिकल ड्रामा में काम करने का उनका सपना रहा है

**अभिनेत्री सई मांजरेकर अपनी पैन इंडिया फिल्म 'द इंडिया हाउस' को लेकर काफी काफी उत्साहित हैं। 1905 में प्रेम और क्रांति की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में सई सती की भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर सई का कहना है कि एक हिस्टोरिकल ड्रामा में काम करने का उनका सपना रहा है, जो इस फिल्म के साथ पूरा हो रहा है।**

बातचीत में एक्ट्रेस ने फिल्म को लेकर कहा कि किसी ऐतिहासिक फिल्म में अभिनय करना हमेशा से मेरा सपना रहा है। जब मुझे पता चला कि मैं अभिनेत्री बनना चाहती हूं, तभी से मैं एक ऐतिहासिक फिल्म में काम करना चाहती थी। इसलिए यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। 'द इंडिया हाउस' का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास और अद्भुत अनुभव है। जब मैंने पहली बार इसकी कहानी सुनी, तो मुझे पता चल गया कि यह सिर्फ एक और फिल्म नहीं है, बल्कि एक ऐसी कहानी है जिसमें भावनाएं, इतिहास और उद्देश्य समाहित हैं।

अपने किरदार को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि मेरा किरदार सती का है, और यह एक खूबसूरत भूमिका है। वह दृढ़ इच्छाशक्ति वाली होने के साथ-साथ कोमल और दयालु भी हैं। अपने भीतर इस संतुलन को खोजना एक बेहद यादगार अनुभव रहा। मुझे याद है कि एक सीन के बीच में मैं अक्सर 'प्लीज' या 'धन्यवाद' जैसे शब्द बोल देती थी, जो हम अन्य जॉनर में आसानी से इस्तेमाल करते हैं। फिर मैं माफी मांगती और सीन दोबारा करती। उस दौर के बारे में जानना और लोगों के रहन-सहन, पहनावे और बोलने के तरीके को समझना एक दिलचस्प अनुभव रहा है। इतने समृद्ध इतिहास से घिरे हम्पी में शूटिंग करने से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला।

### भाग्यशाली हूं राम चरण के साथ काम करने का मौका मिला



फिल्म की टीम के साथ काम करने के अनुभव को लेकर सई ने कहा कि राम चरण के पहले प्रोडक्शन में काम करना मेरे लिए सचमुच अनमोल है। वो साउथ इंडस्ट्री के सबसे बड़े स्टार्स में से एक हैं। सिनेमा और इसमें शामिल हर व्यक्ति के प्रति उनका सम्मान इस फिल्म के हर पहलू में झलकता है। खिल सिद्धार्थ और अनुपम खेर के साथ स्क्रीन शेयर करना मेरे लिए एक बड़ा सीखने का अनुभव रहा है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com